INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8	**Department: Hindi (3rd Lang)**	**Date of submission:**
Worksheet No:3	**Topic: अर्थग्रहण (उत्तर)**	**Note: File it in your portfolio**

प्र- अनुच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने में हम भी सहयोग दे सकते हैं| यह काम हम दो तरह से कर सकते हैं - पहला कि हम गंदगी न फैलाएँ और दूसरा गंदगी को साफ़ करने में सहयोग दें| जैसे अपने आस-पास की नालियों को साफ़ रखें और जहाँ-तहाँ कूड़ा-कचरा आदि न फेकें| साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ| विद्यार्थी भी इस काम में सहयोग दे सकते हैं जैसे कि अपने घर और पास-पड़ोस को साफ़-सुथरा रखकर, विद्यालय की और उसके आसपास की सफाई करके| हमें अभी से आदत डालनी चाहिए कि जहाँ-तहाँ थूकें नहीं, कूड़ा-कचरा न फेकें| शिक्षा का लाभ भी तभी होगा, जब हम सीखी गई अच्छी बातों पर आचरण करें| हम संकल्प कर लें कि अपने जन्मदिन पर अथवा अन्य किसी शुभ अवसर पर वृक्ष जरुर लगाएँगे| वृक्षों की टहनियों को नहीं तोड़ेंगे और किसी वृक्ष को पानी चाहिए तो पानी देंगे या जानवरों से रक्षा की आवश्यकता हो तो उसके चारों ओर घेरा डाल देंगे|

प्र.1- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने वाले कुछ कार्यों के नाम सुझाइए|

Ans- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने वाले कुछ कार्यों के नाम इस प्रकार हैं- अपने आस-पास की नालियों को साफ़ रखें और जहाँ-तहाँ कूड़ा-कचरा आदि न फेकें| साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ|

प्र.2- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने के लिए हम कौन-कौन से काम कर सकते हैं?

Ans.- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने के लिए हम दो तरह से काम कर सकते हैं - पहला कि हम गंदगी न फैलाएँ और दूसरा गंदगी को साफ़ करने में सहयोग दें|

प्र.3- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने में विद्यार्थी किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?

Ans.- पर्यावरण के प्रदूषण को रोकने में विद्यार्थी कई प्रकार से सहयोग कर सकते हैं - जैसे कि अपने घर और पास-पड़ोस को साफ़-सुथरा रखकर , विद्यालय की और उसके आसपास की सफाई करके |

प्र.4- लेखक ने क्या संकल्प लेने के लिए कहा है?

Ans.- लेखक ने हमसे कहा है हम संकल्प कर लें कि अपने जन्मदिन पर अथवा अन्य किसी शुभ अवसर पर वृक्ष जरुर लगाएँगे| वृक्षों की टहनियों को नहीं तोड़ेंगे और किसी वृक्ष को पानी चाहिए तो पानी देंगे |

प्र.5- 'विसर्जित' और 'प्रदूषण' शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए|

Ans.- परि + आवरण = पर्यावरण और प्र + दूषण = प्रदूषण

प्र.6- अनुच्छेद के लिए उचित शीर्षक लिखिए |

Ans.- शीर्षक - पर्यावरण प्रदूषण / पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम

------------0------------